## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा, सहायक सचिव की नाले में डूबने से मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया. विसर्जन करते समय नाले में डूबने से पंचायत सहायक सचिव की मौत हो गई है. यह मामला गीदम थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, गणेश विसर्जन के लिए गए बड़े तुमनार के रहने वाले नारायण कुंजाम की नाले में डूबने से मौत हो गई. वह पंचायत के सहायक सचिव पद पर पदस्थ था. यह हादसा गुरुवार देर शाम को हुआ. घटनास्थल पर रात में गोताखोरों की टीम नहीं पहुंच सकी. जिसके बाद आज सुबह गांव के लोगों ने खोजा तो नाले में डूबे युवक का शव मिला. गीदम पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.

### 19 जुआरियों से 81,500 रूपए जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** थाना आजाद चौक पुलिस ने सोनकरपारा स्थित एक सार्वजनिक भवन में जुआ खेल रहे 19 जुआरियों को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से 81,500/- रूपये तथा 18 नग मोबाईल फोन कीमती लगभग 2,00,000/- रूपये एवं ताशपत्ती जब्त किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने सोनकरपारा स्थित शिव मंदिर के पीछे स्थित एक सार्वजनिक भवन में दबिश दी। यहां कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से19 जुआरियों को गिरफ्तार कर नगदी रकम 81,500/- रूपये तथा 18 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 2,00,000/- रूपये एवं ताशपत्ती जब्त कर सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 एवं 05 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम पसान में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पसान के भर्रापारा में निवासरत दीपक कुमार समीप के एक दुकान में कुछ सामान लेने गया था, तभी मौसम में परिवर्तन आया और तेज आकाशीय गर्जना के साथ बिजली चमकी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद 108 एबुंलेंस बुलाकर अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया।

### मकान का रजिस्ट्री ना कर 11 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** पियूष कालोनी स्थित मकान का सौदा तय कर 11 लाख 75 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमृत भार्गव 45 वर्ष पियूष कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी प्रताप सचदेव ने पियूष कालोनी अमलीडीह स्थित अपने मकान को बेचने के लिए प्रार्थी से सौदा तय किया और ईकरारनामा करवा कर 11 लाख 75 हजार रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी ने रजिस्ट्री के लिए कहा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# चिटफंड के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले कलकत्ता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संचालकों की 44.58 लाख की संपत्ति नीलाम करने अंतरिम आदेश जारी

## कलेक्टर सिन्हा ने की चिटफंड संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही

- 3 लाख नकद भी किया गया है जब्त
- सक्षम न्यायालय के अंतिम आदेश पश्चात निवेशकों को लौटाई जायेगी नीलामी और राजसात से मिली राशि



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज चिटफंड के नाम से लोगों से धोखाधड़ी करने के एक मामले में आरोपियों से जप्त 44 लाख 58 हजार रुपए की संपत्ति की नीलामी और 3 लाख रुपए नकद को राजसात करने का अंतरिम आदेश पारित किया है और प्रकरण को अंतिम आदेश के लिए माननीय जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रेषित किया है। जहां से अंतिम आदेश के पश्चात नीलामी और राजसात से मिली राशि निवेशकों को लौटाई जायेगी।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली जिला रायगढ़ के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था कि कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी लक्ष्मीपुर रायगढ़ के द्वारा रकम दुगुना करने का विभिन्न स्कीम बताकर प्रार्थी से 5 लाख रुपये एवं अन्य निर्देशकों से रकम जमा कराया गया तथा परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के पूर्व कंपनी बंद करके फरार हो गये। प्रार्थीगण की रिपोर्ट के आधार पर कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनावेदकगणों को सुनवाई हेतु उनके निवास गृह के पते में रजिस्टर्ड डाक से नोटिस प्रेषित किया गया। नोटिस तामिली की समस्त प्रक्रियाओं के पश्चात भी निर्धारित सुनवाई तिथि को अनावेदकगण अनुपस्थित रहे। अत: अनावेदकगणों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई।

पुलिस के द्वारा आरोपी 1-शाहजहाँ खान आ.मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हर्बर 24 परगना (पश्चिम बंगाल), 2-समशूल आलम खान पिता मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हारबर 24 परगना (पश्चिम बंगाल) को दिनांक 07 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से जप्ती पत्रक के अनुसार नगदी रकम 3 लाख रूपये एवं सोने के जेवर मूल्य 30 लाख 03 हजार 900 रूपये, एक नग एकार्ड कंपनी की कार मूल्य 13 लाख रूपये, एक नग राडो घड़ी मूल्य 1 एक लाख रूपये एवं मोबाईल कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये जप्त की गई है। अनावेदकगणों को इस न्यायालय से जारी सूचना पत्र/नोटिस के बावजूद अनावेदकगण द्वारा उपस्थित होकर कोई जवाब प्रस्तुत न करने व पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से यह पुष्टि होती है कि अनावेदकगण द्वारा निक्षेपकों के हितों के विपरीत कार्य किया जा रहा है और यह कृत्य निक्षेपकों को धोखा देने के इरादे से सोची समझी साजिश के तहत कपटपूर्ण तरीके से किया गया है। जिससे उक्त अनावेदकगण निक्षेप की गई राशि निक्षेपकों को वापस किये जाने की संभावना परिलक्षित नहीं होता है। अत: छत्तीसगढ़ राज्य के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं नियम 2015 की धारा 7 (1) के (एक) एवं दो के तहत आरोपी कंपनी/वित्तीय संस्थान के संचालक, भागीदार से जप्त संपत्ति की नीलामी किये जाने एवं जप्तशुदा नगद रकम 3 लाख रूपये को राजसात किये जाने के संबंध में अंत: कालीन आदेश पारित किया जाता है। कार्यालय वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि छ.ग. के निक्षेपकों के संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा-6 के तहत जिले में व्यापार संचालन हेतु प्रायवेट कंपनी कोलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड तथा अन्य किसी भी कंपनी को अनुमति नहीं दी गई है।

# बारिश के बाद तुरंत चालू होगा सड़कों का निर्माण कार्य

**सड़कों का निर्माण रखें सर्वोच्च प्राथमिकता में, कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीडब्ल्यूडी को दिए सख्त निर्देश**

**रायगढ़।** बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शुरू होगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में पिछले दिनों बैठक लेकर ईई पीडब्ल्यूडी को कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा है कि बरसात समाप्त होने को है जिसके पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है।

इस संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी आर के खांबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के चलते काम की गति धीमी हुई है। बारिश की समाप्ति के पश्चात् पूरी तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

# मानव-हाथी द्वंद पर नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता लाने एनिमल ट्रैकिंग एप पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर (आरएनएस)।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देश के अनुरूप राज्य में विभाग द्वारा मानव-हाथी द्वंद पर नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता लाने सहित अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस तारतम्य में वनमण्डल बालोद अंतर्गत गत दिवस 29 सितम्बर को एनिमल ट्रैकिंग एप का एक दिवसीय वनमण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा एप की जानकारी वनमण्डल बालोद के सभी फील्ड स्टाफ एवं हाथी मित्र दल को दिया गया। वनमंडलाधिकारी बालोद आयुष जैन ने बताया कि इस एप के माध्यम से छत्तीसगढ़ में विचरण कर रहे हाथी के लोकेशन ट्रेस करने में मदद मिलेगी। जिससे हाथी द्वारा विचरण किए जा रहे रूट का डाटा एप में स्टोर हो जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन से मानव-हाथी द्वंद को रोकने में भरपूर सहायता मिलेगी।



इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के हाथी प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए वन प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) और वन्यजीव विंग द्वारा संयुक्त रूप से इस एप को विकसित किया गया है। यह एप एलीफैंट ट्रैकर्स (हाथी मित्र दल) से प्राप्त इनपुट के आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई पर काम करता है। इस एप का उद्देश्य हाथी ट्रैकर्स द्वारा की जाने वाली 'मुनादी' के अलावा प्रभावित गांव के प्रत्येक व्यक्ति को मोबाइल पर कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप अलर्ट के भेजकर हाथियों की उपस्थिति के बारे में सूचना पहुंचाना है। इस तरह विभाग द्वारा जंगली हाथियों के साथ साहचर्य हेतु ग्रामीणों में जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीणों को शिक्षा तथा उनके साथ द्वंद से बचने के लिए उपायों को आदान-प्रदान करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

# रायगढ़ बैंक डकैती सुलझाने वाले पुलिस कर्मियों को मिलेगा सम्मान एवं विशेष प्रोत्साहन - मुख्यमंत्री

- पुलिस कर्मियों को आउट आफ टर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट, नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से किया जाएगा सम्मानित
- रायगढ़ और बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ मुख्यमंत्री का जताया आभार



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिसे के एक्सिस बैंक डकैती केस को 24 घंटे के भीतर सुलझाने वाली रायगढ़ और बलरामपुर जिले की पुलिस के लिए सम्मान एवं विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही है। बिहार के गैंग द्वारा रायगढ़ जिले के एक्सिस बैंक में करोड़ों रूपए की डकैती को अंजाम दिया गया था। लेकिन छत्तीसगढ़ पुलिस की तत्परता और आपसी सामंजस्य की वजह से इसी तरह से बैंक डकैतियों को अंजाम देने वाला गैंग 24 घंटे के भीतर ही शत प्रतिशत रकम के साथ पकड़ा गया।

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस डकैती को सुलझाने और बिहार के बैंक डकैती गैंग को पकडऩे के पश्चात छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा इस केस में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को आउट आफ टर्न प्रमोशन, सैलरी इंक्रीमेंट, नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा की है, जिले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यथावत स्वीकार करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के लिए काम कर रही है और उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान उन्हें मिलना चाहिए। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार तथा बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बैंक डकैती सुलझाने में शामिल पुलिस कर्मियों के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जारी की बेरोजगारी भत्ता की छठवीं किस्त

- योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक संबल प्रदान कर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना
- जिले में अब तक 2754 शिक्षित बेरोजगारों को मिल चुका है कुल 3 करोड़ 16 लाख 19 हजार 500 रुपये बेरोजगारी भत्ता
- बेरोजगारी भत्ता योजना राशि अंतरण के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर सिन्हा



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर निवास कार्यालय से आज बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण के वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत युवाओं के खाते में छठवी किस्त की राशि का अंतरण किए। उन्होंने आज प्रदेश के 1 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार युवाओं के खाते में 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रूपए की राशि अंतरित किया। योजना के तहत अब तक हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता मिल चुका है। जिसमें आज रायगढ़ जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 68 लाख 85 हजार रूपये की किस्त राशि भी शामिल है। वर्चुअल कार्यक्रम में रायगढ़ जिले से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम, जिला स्तरीय अधिकारी, हितग्राही उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोडऩा भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छ: माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रही है।

रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में 31 अगस्त तक की स्थिति में कुल 2 करोड़ 47 लाख 34 हजार 500 रुपये की राशि हितग्राहियों के खाते में राशि जारी की गई है। इस तरह कुल 3 करोड़ 16 लाख 19 हजार 500 की राशि जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को जारी की गई हैं। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों को लाइवलीवुड कॉलेज जैसे विभिन्न संस्थान के माध्यम से स्वरोजगार मूलक विभिन्न प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिससे वे स्वरोजगार प्राप्त कर सके।

रायगढ़ निवासी नेहा श्रीवास्तव ने बताया की ग्रेजुएशन पूर्ण कर चुकी है, उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है, इसके साथ लाइलीवुड कॉलेज में रिटेल असिटेंट का कोर्स कर रही, ताकि आगे रोजगार में आसानी हो। रायगढ़ बाझिनपाली निवासी धनश्री चौहान ने बताया की बेरोजगारी भत्ता से उन्हे काफी सहयोग मिल हैं, जिससे वो आगे की पढ़ाई कर पा रही है इसके साथ ही उन्होंने लाइवलीवुड कॉलेज में सिलाई मशीन ऑपरेटर का कोर्स कर रही ताकि स्वरोजगार मिल सके।

# कलेक्टर ने मंडी परिसर में संचालित निर्वाचन क्षेत्र का किया निरीक्षण



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित निर्वाचन की सभी गतिविधियों जैसे-ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, निर्वाचन कार्यालय, मतगणना स्थल आदि के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पेयजल, शौचालय, बिजली आदि के साथ कार्यालय स्थापना के संबंध में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश पांडेय, मंडी अधिकारी, पीडब्ल्यूडी अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना आदि की उपस्थिति में परिसर के सभी भवनों, कार्यालयों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन : कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ता हुई सम्मानित

- बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले हम सबकी है जिम्मेदारी- निराकार पटेल
- जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विजयी हुयी जिले की बेटियां ब्रांड एम्बेसडर के रूप में हुई सम्मानित



**रायगढ़।** राष्ट्रीय पोषण माह 2023 अंतर्गत पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसी तरह पूरे माह भर में पोषण जागरूकता और किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने इस दिशा में जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले इसमें हम सबकी जिम्मेदारी भी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ उनके स्वावलंबन की नीति अपनाई है। महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने के साथ उनकी सृजन क्षमता को स्थानीय संसाधनों के साथ जोड़ा गया है। जिससे आज महिलाएं सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रही हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर जानकी काटजू ने कहा कि कुपोषण रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को गर्म पौष्टिक भोजन इस योजना में दिया जा रहा है। राज्य सरकार महिलाओं के हितों और उनके जीविकोपार्जन में लगातार कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अन्तर्गत दिए जा रहे गर्म पौष्टिक भोजन की बदौलत शुरूआत से अब तक सैकड़ों बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है।

पोषण मेला में रॉगी व रेडी टू-ईट से बने व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया था। जिसमें सब्जियों से बने भगवान गणेश सबके लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को सशक्त, सुपोषित, साक्षर बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, सुषमा प्रकाश नायक, डीएसपी निकिता तिवारी, सब इंस्पेक्टर दीपिका निर्मलकर सहित महिला बाल विकास विभाग अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

डीपीओ एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से आंगनबाडिय़ों में एक सितंबर से पोषण माह का आयोजन किया गया जो 30 सितम्बर तक चला। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सात विभिन्न थीम संपूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण संवेदना, एनीमिया की रोकथाम और प्रबंधन पर आधारित गतिविधियां आयोजित गई। इसके लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेण्डर भी बनाया गया। जन त्यौहार गतिविधियों के अंतर्गत प्रदेशभर में बच्चों की वृद्धि मापन पर सामुदायिक जागरूकता का काम किया जा रहा है। आंगनबाडिय़ों में बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनका पोषण स्तर जांचकर अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वजन त्यौहार के दौरान लिए गए बच्चों के वजन सहित अन्य जानकारियों पोषण ट्रैकर एप्प में एंट्री भी किया जा रहा है। इसी तरह पोषण माह के दौरान सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे कई आयोजन पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में किए गए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन महिला बाल विकास विभाग के डीडब्लूसीडीओ अतुल दाण्डेकर ने किया।

**ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित हुए जिले की बेटियां-** - पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम में आज जिले की बेटियां ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित हुई। ज्ञात हो कि यह वह बेटियां है जिन्होंने जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अव्वल आकर जिले के नाम रोशन की है। इनमें पुसौर की बबली पाव लम्बी कूद, तमनार की उमा राठिया 100 मी.दौड़, पुसौर की तेजस्विनी-रस्सी कूद, खरसिया की अम्बे कुम्हार-कुश्ती, लैलूंगा की दुतिका सिदार-कबड्डी एवं लैलूंगा की संगीता राउत-खोखो में विजयी हुई थी।

**कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ता हुई सम्मानित-** कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इनमें रायगढ़ शहरी से सुमन सिंह चौहान, खरसिया की उत्तरा लहरे, तमनार की इंदिरा बरता, लैलूंगा की गौरी प्रधान, धरमजयगढ़ की लता वस्त्रकार, घरघोड़ा की अंबिका राठिया, कापू की मानकुंवर, पुसौर की तुलसी चौहान, रायगढ़ ग्रामीण हारा साहू एवं मुकडेगा की चंद्रवती राठिया शामिल थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480